तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 25 मार्च 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 संघ के 100 वर्ष, राष्ट्र के पुनरुत्थान की अनवरत ...



14 संघ के 100 वर्ष, राष्ट्र के पुनरुत्थान की अनवरत...



## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित वाहन के पलटने से मौत

**महासमुंद**। बारात से वापस आते समय सुरंगीनाला पुल ग्राम दुधीपाली के पास अनियंत्रित होकर महिंद्रा वाहन के पलट जाने चालक की मौत हो गई। बसना पुलिस ने बताया कि मृतक लोकनाथ सिदार ग्राम धूपेनडीह से लमकसा अपने स्वयं के महिंद्रा जायलो वाहन क्रमांक सीजी 13 सी 8703 से बारात गया था। वाहन को वह स्वयं चला रहा था। बारात से वापस आते समय सुरगीनाला पुल ग्राम दुधीपाली के पास तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन सुरगीनाला पुल से टकराकर पलट गई। जिससे वाहन चला रहे लोकनाथ सिदार की मृत्यु हो गई। मामले की रिपोर्ट पर धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# खल्लारी रोप-वे हादसा : जमीनी हकीकत से अवगत होने आज पहुंचेगा कांग्रेसी जांच दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के धार्मिक एवं पर्यटन स्थल में हुए रोप-वे हादसे की जांच करने आज 6 सदस्यीय जांच दल खल्लारी पहुंचेगा। पीसीसी चीफ दीपक बैज के निर्देशन में इस भीषण हादसे की पड़ताल करने 6 सदस्यीय टीम पहुंचेगी। दल के संयोजक कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव होंगे। यादव के नेतृत्व में दल के अन्य प्रमुख सदस्यों में चातुरी नंद (विधायक, सरायपाली), अमरजीत चावला (पूर्व प्रभारी महामंत्री), विनोद चंद्राकर (पूर्व विधायक), डॉ. रश्मि चंद्राकर (पूर्व जिलाध्यक्ष) एवं केशव चंद्राकर (अध्यक्ष- प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग) शामिल है। जो 25 मार्च बुधवार को सुबह 11 बजे मंदिर परिसर का दौरा कर रोपवे ऑपरेटरों, प्रत्यक्षदर्शियों और मंदिर प्रबंधन से चर्चा करेगा।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव के नेतृत्व में 6 सदस्यीय दल गठित



### अफसरों ने निरीक्षण, रोप-वे कंपनी के अधिकारी भी पहुंचे

रविवार को हुए रोप-वे हादसे के बाद सोमवार को कंपनी रोप-वे एवं रिसॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता के इंजीनियर अमित पाइक सहित एसडीएम नमिता मारकोले, पीडब्लूडी ईई चंद्रशेखर चंद्राकर, एसडीओ नरेश चंद्राकर इलेक्ट्रिक व मेकेनिकल एसडीओ खेतान देवांगन मौके पर पहुंचे और घटना स्थल की जांच की। रोप- वे कंपनी के इंजीनियर अमित पाइक ने बताया कि नवरात्रि के पहले 16 से 18 मार्च तक रखरखाव का कार्य किया गया। हादसे के पीछे क्या कारण है, इसकी जांच चल रही है। जांच के बाद रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी जाएगी।

टीम घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर हादसे की वास्तविक वजहों और प्रशासनिक चूक का पता लगाएगा। साथ ही टीम के सदस्य घायलों और उनके परिजनों से भी मुलाकात करेंगे। और उनके स्वास्थ्य और उन्हें मिल रही सहायता की जानकारी ली जाएगी। जांच के बाद यह दल अपनी विस्तृत रिपोर्ट पीसीसी अध्यक्ष को सौंपेगा।

### 3 घायल अब भी गंभीर, हालत में सुधार लेकिन नाकाफी

खल्लारी पहाड़ी स्थित रोपवे हादसे में गंभीर रूप से घायल 4 लोगों का उपचार रायपुर के निजी अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के अनुसार स्वामी परिवार के 3 सदस्य अब भी गंभीर हैं। गोविंद स्वामी (44 वर्ष), उनकी पत्नी नमिता (36 वर्ष) तथा 9 वर्षीय पुत्री कुशिका अब तक तक बेहोश थे। हादसे में गोविंद स्वामी के कंधे, दोनों पैर और गर्दन की हड्डियां फ्रेक्चर हो गई हैं। इसके अलावा उनके सिर में भी गंभीर चोट आई है। वहीं नमिता के पैर में फ्रेक्चर और गंभीर चोटें आई हैं। 9 वर्षीय बच्ची कुशिका के भी पैर में फ्रेक्चर के साथ सिर में गंभीर चोटें बताई जा रही हैं। डॉक्टरों के अनुसार तीनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज जारी है।

### बिना तौल के होता था निर्माण सामग्री का रोप-वे से परिवहन

खल्लारी में हुए रोप-वे हादसे के बाद जो तथ्य सामने आ रहे हैं वे चौंकाने वाले हैं। निर्माण कार्यों के लिए सामग्री पहुंचाने के दौरान मंदिर समिति और रोप-वे संचालन कर्मियों के दौरान अक्सर नोंकझोंक की स्थिति बनी रहती थी। वहीं मेंटेनेंस होने पर भी संदेह जताया जा रहा है। बता दें कि रोप-वे संचालन मंदिर समिति और कंपनी द्वारा मिलकर इसका संचालन किया जाता रहा है, ऐसे में केवल कंपनी कर्मियों के खिलाफ एफआईआर होना चर्चा का विषय है। अंदेशा है कि राजनीतिक दबाव के चलते मंदिर समिति को क्लीन चिट दिए जाने संरक्षण दिया गया। मामले में यह बात भी सामने आई है कि रोप-वे का यह सेटअप किसी और जगह स्थापित था, जिसे बाद में यहां शिफ्ट किया गया। अब यहां पर सेकेंड हैंड मशीनें स्थापित किए जाने का भी मामला सामने आया है। एक ट्रॉली में तकरीबन 750 किलों तक के वजन के लिए मानक तय किए गए थे। लेकिन, निर्माण सामग्री जैसे ईंट, गिट्टी, बोल्डर और रेत जैसे सामानों के दौरान इनका वजन नहीं होना और ओवरलोड परिचालन इस घटना का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

## अपराध : आरोपी प्रेमी लोकनाथ गिरफ्तार

# युवती के अंधे कत्ल का 6 घंटे के भीतर खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शादी का वादा किया और मुकरने

- शादी के वादे से मुकरने और बदनामी के डर से प्रेमी ने ही की थी हत्या

के बाद जब युवती शादी के लिए दबाव बनाने लगी तो युवक ने उसकी हत्या कर दी। जिले के बसना थाना क्षेत्र के ग्राम इंद्रपुर में हुए इस हत्याकांड मामले में पुलिस ने तत्काल आरोपी तक पहुंचते हुए गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार 24 मार्च 2026 की सुबह ग्राम इंद्रपुर निवासी रामदास अजगल्ले ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री पुष्पा अजगल्ले, जो जन्म से मूकबधिर थी, का शव घर से करीब 150 मीटर दूर रविलाल नाग के खेत में



लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला है। मृतका के सिर और चेहरे पर किसी भारी वस्तु से प्राणघातक वार किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन विशेष टीम का गठन किया गया। घटनास्थल पर तत्काल वैज्ञानिक अधिकारी (एफएसएल) और डॉग स्क्वाड को बुलाकर सूक्ष्म निरीक्षण कराया गया और अज्ञात आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई।

### गर्भवती हो गई थी मृतका

विवेचना के दौरान पुलिस को मृतिका के पिता से एक महत्वपूर्ण सुराग मिला। गांव का ही लोकनाथ पिता कीर्तन लाल पटेल (27 वर्ष) ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि मृतका गर्भवती थी और वह लोकनाथ पर शादी के लिए दबाव बना रही थी। इसी आधार पर पुलिस ने संदेही लोकनाथ पटेल को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

### बदनामी के डर से शादी नहीं करना चाहता था आरोपी

आरोपी लोकनाथ पटेल ने पूछताछ में बताया कि पुष्पा के गर्भवती हो जाने के बाद वह उस पर लगातार शादी के लिए दबाव बना रही थी। लोकनाथ समाज में बदनामी के डर से शादी नहीं करना चाहता था और उसने पुष्पा को रास्ते से हटाने की साजिश रची। 23 मार्च की मध्य रात्रि करीब 12:30 से 01:00 बजे के बीच उसने पुष्पा को बहला-फुसलाकर घर के पीछे खेत में बुलाया। वहां दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद लोकनाथ ने पास पड़े एक भारी पत्थर से पुष्पा के सिर को पटक कर चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर और घटना के समय पहने हुए खून से सने कपड़े बरामद कर लिए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### पत्नी के साथ मारपीट

महासमुंद। पत्नी के साथ मारपीट के आरोप में पति के खिलाफ पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को लाखागढ़ की जासमीन खान ने बताया कि वह ननद शहजादी के मोबिल को मांगकर करीब एक माह से अपने सिम को लगाकर चला रही थी। 23 मार्च को जब उसकी ननद ने मोबाइल को मांगा तब उसने अपने सिम को निकाल कर उसे दे दिया। इस ननद शहजादी ने अपने परिवार वालों कहा कि भाभी जासमीन खान ने मोबाइल को दिया, लेकिन सिम नहीं देने की बात कही। जिस पर प्रार्थिया के पति जावेद खान ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# महुआ शराब का अवैध परिवहन दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शराब का अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों के खिलाफ एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से 70 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महासमुंद द्वारा समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को नशीली पदार्थ, अवैध शराब तथा अवैध गांजा की तस्करी के विरूद्ध अभियान चलाने अंतर राज्यीय चेक पोस्ट पर एवं परिवहन के संभावित रास्तों पर मोबाइल चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध वाहनों की सघन जांच एवं कार्रवाई करने के निर्देश मिले हैं। 24 मार्च को सूचना मिला कि ग्राम नानकपाली के दीपक भोई पिता लिंगराज भाई एवं तेज कुमार भोई पिता सारथी भोई एक काले रंग के टीवीएस जुपिटर स्कूटी सोल्ड बिना नंबर में दो सफेद रंग के प्लास्टिक बोरे के अंदर भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बिक्री करने नानकपाली से ग्राम अर्जुंदा की ओर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने ग्राम माधोपाली कुटेला रोड के पास जाकर घेराबंदी की। जहां दो व्यक्ति एक काले रंग की जुपिटर स्कूटी में आए। जिन्हें रोककर पूछताछ की गई। जिस पर वाहन चालक ने अपना नाम दीपक भोई पिता लिंगराज भोई एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम तेज कुमार भोई पिता सारथी भोई ग्राम नानकपाली होना बताया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 70 लीटर महुआ शराब कीमत 14000 रुपए, स्कूटी कीमत 95000 रुपए कुल कीमत 109000 रुपए जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई

### बस स्टैंड में ऑटो चालक से मारपीट

**महासमुंद**। बस स्टैंड में वाहन हटाने की बात पर एक ऑटो चालक से मारपीट की घटना के मामले में कोतवाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ऑटो चालक जयशंकर घोड़ेसवार ने बताया कि 21 मार्च को 11.30 बजे वह बस स्टैंड महासमुंद में सवारी लेकर गया था और सवारी को उतार रहा था, तभी वहां पर सोनू यादव ने आकर कहा कि यहां पर ऑटो को क्यों खड़ा किया है। इस पर उसने कहा कि सवारी उतर रहे हैं, फिर हटाउंगा। इतने में आरोपी सोनू यादव ने गाली गलौज और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।




# नवरात्रि पर देवी मंदिरों में उमड़ रहा आस्था का सैलाब, भक्तिमय हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जिलेवासी शक्ति की उपासना में सराबोर हैं। जिले के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लग रही हैं। जय माता दी के जयकारों के साथ मंदिरों का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर माता के दरबार में पहुंच रहे हैं और विशेष पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

जिले के बागबाहरा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाला घुंचापाली का चंडी मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां स्थित माता चंडी की विशाल प्रतिमा के दर्शन के लिए केवल जिले से ही नहीं, बल्कि पड़ोसी जिलों से भी लोग पहुंच रहे हैं। नवरात्रि के अवसर पर यहां विशेष साज-सज्जा की गई है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते



हुए मंदिर समिति और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं ताकि भक्त सुगमता से दर्शन कर सकें। इसी तरह, बिरकोनी स्थित चंडी मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा हुआ है। मान्यता है कि यहां दर्शन मात्र से संकट दूर होते हैं। वहीं, जिला मुख्यालय स्थित महामाया मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन से ही ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। यहां सुबह और शाम होने वाली आरती में बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हो रहे हैं। मंदिर परिसर में भक्तों की सुविधा के लिए पेयजल और विश्राम की व्यवस्था की गई है।

शहरों व ग्रामीण इलाकों में भी नवरात्रि का उत्साह देखते ही बन रहा है। गांवों के शीतला मंदिरों और अन्य देवी स्थलों पर माता सेवा के विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पारंपरिक जस गीत और भजन की गूंज सुनाई दे रही है। सेवा समितियों द्वारा रात्रिकालीन भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जहां स्थानीय कलाकार माता की महिमा का गुणगान कर रहे हैं।

### मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना

जिले के लगभग सभी प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। इन तेल और घी के दीपों की देखभाल मंदिर के सेवादार चौबीसों घंटे कर रहे हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिएचौक-चौराहों और मंदिर मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। नवरात्रि के इन नौ दिनों में बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। फल, फूल और पूजन सामग्री की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ देखी जा रही है। नवरात्रि का पर्व पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से दो घायल

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से दो लोग घायल हो गए। मामला नरतोरी मोड़ बागबाहरा का है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बागबाहरा पुलिस को नरतोरी के बंशीलाल चौहान ने बताया कि 21 मार्च की सुबह 9 बजे अपने साथी तामेश चक्रधारी के साथ उसकी मोटर सायकल क्रमांक-सीजी 06 जीएन 6805 में बैठकर दीवार में लगाने वाली पुट्टी और पेंट लाने के लिए मुनगासेर गया था, जहां से वापस आने के दौरान मोटर सायकल को तामेश चक्रधारी चला रहा था तथा वह गाड़ी के पीछे बैठा था। ग्राम नरतोरी मोड़ बागबाहरा केय एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचई 2883 के चालक ने अपने वाहन को काफी तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर उनकी मोटर सायकल में एक्सीडेंट कर दिया। जिससे तामेश के सिर, और शरीर के अन्य भाग व प्रार्थी को छाती, चेहरे एवं पैर में चोटें आई थी। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में आरोपी के विरूद्ध धारा 125(ए), 281बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गयाहै।

### सगाई तोड़ने के लिए अज्ञात व्यक्ति ने युवक को भेजा धमकी भरा मैसेज

**महासमुंद।** सगाई तोड़ने के लिए युवक को धमकी भरे गंदे मैसेज भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को कुदारीबाहरा निवासी गोपकन्हाई चौधरी ने बताया कि उसकी सगाई हो चुकी है। 22 मार्च की दोपहर 02.09 बजे अज्ञात व्यक्ति ने सगाई तुड़वाने के उद्देश्य से उसके व्हाट्सएप धमकी भरा और अश्लील मैसेज किया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महुआ शराब जब्त, एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम मनबाय में एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया गया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि ग्राम मनबाय में विकास निराला पिता श्याम सुंदर निराला (36 वर्ष) मनबाय के कब्जे से 4 लीटर महुआ शराब भरी हुई कीमत 400 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### शराब बेच रहे दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने ग्राम साल्हेभांठा में शराब बेच रहे ओडिशा के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम साल्हेभांठा सरपंच ने सूचना दी थी कि शराब बिक्री कर रहे ओडिशा के व्यक्तियों को खेत के पास पकड़कर रखा गया है। पुलिस ने मौके पर पहंचकर आरोपी खेमराज राउत पिता वेदराम राउत (26 साल) महातम तोरा थाना खरियार रोड जोंक जिला नुवापाडा ओडिशा, अनार सिंग राउत पिता रूखराम राउत (21 साल) माहतम तोरा थाना खरियार रोड जोंक जिला नुवापाडा ओडिशा के कब्जे से 7.400 लीटर हिरण छाप महुआ शराब कीमत 1480 रुपए, एक बाइक को बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज किया गया।

**चर्चा :** प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य सम्मेलन को छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग अध्यक्ष ने किया संबोधित

# संविधान की आठवीं अनुसूची में छत्तीसगढ़ी को शामिल कराने की करें कोशिश : प्रभात मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति का 26वां छत्तीसगढ़ी साहित्य सम्मेलन, प्रांतीय अधिवेशन, परिचर्चा, सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने छत्तीसगढ़ी को संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित कराने की विष्णुदेव साय सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए सभी छत्तीसगढ़ी साहित्यकारों से सम्मिलित प्रयासों का आह्वान किया।

छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में महासमुंद में वृहद स्तर पर छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। प्रथम सत्र में साहित्यकार महंत पोखन दास मानिकपुरी के नव प्रकाशित काव्य संग्रह 'सबके भीतर राम' तथा मनोज कुमार सोनवानी की पांच कृतियों का एक साथ विमोचन हुआ। साथ ही छत्तीसगढ़ के साहित्यिक पुरखों की स्मृति में प्रतिष्ठित साहित्य सम्मान प्रदान किए गए। विजय मिश्रा को सुशील यदु सम्मान, सुमन शर्मा वाजपेयी को डॉ. निरूपमा शर्मा स्मृति सम्मान, महंत पोखन दास मानिकपुरी को हेमनाथ यदु स्मृति सम्मान तथा जगन्नाथ डडसेना को शिवकुमार यदु स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। वहीं डॉ. प्रकाश पतंगीवार, चेतन भारती, पुनूराम साहू तथा मकसूदन राम साहू को साहित्य शिखर सम्मान प्रदान किया गया। इसी प्रकार साहित्य प्रतिभा सम्मान डॉ. मुक्ता कौशिक, रश्मि रामेश्वर गुप्ता, केएस अडिल तथा मनोज सोनवानी को प्रदान किया गया।

प्रथम सत्र की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना व स्वाति जगत की सुमधुर आवाज में छत्तीसगढ़ राजगीत के साथ हुई। इस सत्र के मुख्य अतिथि की आसंदी से रेडक्रॉस सोसाइटी सभापति संदीप दीवान ने कहा कि साहित्यकार समाज को दिशा दिखाने का कार्य करते हैं, राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका और योगदान प्रणम्य है। अध्यक्षीय उद्बोधन में समाजसेवी दाऊलाल चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ के साहित्यिक पुरखों और उनके योगदान का स्मरण किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सौरिन चंद्रसेन, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय की



प्राचार्या डॉ. अनसूइया अग्रवाल, सरस्वती शिशु मंदिर उमावि की सेवानिवृत प्राचार्या संध्या शर्मा तथा संगीतज्ञ हुकुमचंद शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

समारोह का द्वितीय सत्र छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग 92 बोलियां बोली जाती हैं और विष्णुदेव साय सरकार छत्तीसगढ़ की भाषाई विरासत को संजोने का कार्य कर रही है। अध्यक्षीय उद्बोधन में बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि समाज ही नहीं सत्ता भी अगर भटकने लगती है तो साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से सचेत करते हैं। विशिष्ट अतिथि जिला स्काउड गाइड संघ महासमुंद के अध्यक्ष येतराम साहू, महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की सहायक प्राध्यापक राजेश्वरी सोनी तथा शिक्षाविद डॉ. साधना कसार ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालयों की उच्च कक्षाओं के स्तर पर हुई छत्तीसगढ़ी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। शांत्रीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की छात्रा प्रभा महेश्वरी को प्रथम, महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के छात्र मोहन राम को द्वितीय तथा श्याम बालाजी कॉलेज के छात्र हितेश कुमार को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के विद्यार्थी अखिलेश साहू, तेजस्विनी, गीता पटेल, शांत्रीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की अर्पिता सोनी और श्याम बालाजी कॉलेज की रंजना चंद्राकर को भी पुरस्कृत किया गया। इनके अलावा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, सूर्या नर्सिंग, शासकीय माता कर्मा महाविद्यालय, जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर व शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के छात्र विद्यार्थी भी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। अंतिम चरण में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए कवि और कवियित्रियों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। रश्मि रामेश्वर गुप्ता, सुमन शर्मा वाजपेयी, कुंजलाल कश्यप, दीपक पटेल, इंद्रदेव यदु, सुरेंद्र अग्निहोत्री ₹आगी₹, सरोज साव, मौलाना याकूब कैसर, पल्टन राम साहू, डॉ. रामशरण चंद्राकर, डॉ. साधना कसार, मनोज कुमार सोनवानी ने खूब तालियां बटोरीं। प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के प्रांताध्यक्ष कान्हा कौशिक ने स्वागत भाषण दिया। संख्या में कम है, पर उपस्थिति में दम है जैसे चुटीले व मधुर संवाद व अपने चिरपरिचित अनूठे अंदाज में संचालन रुपेश तिवारी तथा आभार ज्ञापन समिति के जिलाध्यक्ष बंधु राजेश्वर खरे और प्रांतीय महासचिव डॉ राजेश मानस ने किया। सरस्वती शिशु मंदिर उमावि के प्राचार्य देवराज वर्मा, रुखमेश वैष्णव व अन्य स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार चेतन भारती, वीरेंद्र सरल, संतोष गुप्ता, डॉ जितेश्वरी साहू, डॉ. सरोज साव, राजाराम रसिक, डॉ. प्रकाश पतंगीवार, डॉ. मुक्ता कौशिक, डॉ. अवंतिका शर्मा, शशिबाला शर्मा, डॉ. इन्द्रदेव यदु, ललित मानिकपुरी, मकसूदन राम साहू बरीवाला, मोहनलाल मानिकपन भावुक, काव्यांश के अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल, जयराम पटेल, दिशा नाट्य मंच के संचालक नरेश साहू अमित हिशीकर, लोक नाथ, द्रौपती साहू, जगन्नाथ डड़सेना, नूतन लाल साहू, लीलू दास मानिकपुरी, काशीपुरी कुंदन, भोला महराज, उत्तम दुबे, डॉ. सरस्वती वर्मा, अनीता गौर, रविशंकर चंद्राकर दीवान, नितिन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में प्रदेशभर से आए साहित्यकार और साहित्यप्रेमी उपस्थित थे।

## शहीदी दिवस पर सुखदेव, भगतसिंह राजगुरु को आस्था ने किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

आस्था साहित्य समिति महासमुंद द्वारा 23 मार्च शहीदी दिवस पर अमर शहीद सुखदेव, भगत सिंह व राजगुरु को स्मरण करते हुए याद करो कुर्बानी के रुप में काव्यांजलि समर्पित की। अध्यक्षता करते हुए आनंद तिवारी पौराणिक द्वारा एस चंद्रसेन के निवास स्थान जीवन सदन त्रिमूर्त कालोनी में काव्य समर्पित करते हुए कहा कि अर्पण श्रद्घा सुमन तुम्हें, देशभक्त स्वाभिमानी, सुखदेव, भगतसिंह, राजगुरु, अमर क्रांतिवीर बलिदानी। काव्य गोष्ठी को आगे बढ़ाते हुए सरिता तिवारी ने कहा कि फूल आज उदास है बात कुछ खास है, जब तक उपयोगी है तब तक खास है। एस चंद्रसेन द्वारा अमर शहीदों को स्मरण करते हुए पंक्तियां समर्पित की गई- देश के खातिर बलिदान हुये कहें सुने उनकी कहानी आज पावन पुण्य तिथि पर चलो याद करे कुर्बानी। कार्यक्रम का अपने अंदाज में संचालन करते हुए टेकराम सेन चमक ने पंक्तियां बिखेरते हुए कहा कि तेरे आंगन को किलकारियों से फिर महकाऊंगा। तू घबरा मत मां, मैं फिर आऊंगा। अपने सुमधुर आवाज में काव्य पाठ करते हुए सुरेन्द्र अग्निहोत्री आगी ने कहा कि मोर भारत के दुलरवां बेटा फांसी चढग़े न, भारत के आजादी खातिर फांसी चढग़े न। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. साधना कसार द्वारा समर्पित करते हुए कहा गया कि बिन शहादत कहां मयस्सर आजादी, बिन जोश कहां फहरता तिरंगा। इस अवसर पर विशेष अतिथि के आसंदी से शिक्षाविद व साहित्यप्रेमी केआर चंद्राकर ने कहा कि अमर शहीद हमारे आजादी के सूत्रधार है। आस्था साहित्य समिति द्वारा उन्हें भावपूर्ण काव्यांजलि समर्पित किया जाना अत्यंत प्रशंसनीय है। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार टेकराम सेन चमक व आभार प्रदर्शन एस चंद्रसेन ने किया। उक्त जानकारी सरिता तिवारी ने दी है।



## शारदा मंदिर में दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालु



**महासमुंद।** चैत्र नवरात्र पर्व पर सुबह शाम नगर के देवी मंदिरों में आराधना की जा रही है। इसी तरह तुमगांव रोड स्थित मां शारदा शक्तिपीठ मंदिर में भी प्रतिदिन पर्व को लेकर भजन, कीर्तन, जसगीत, सेवागीत कर भक्ति का माहौल बना हुआ है। शहर व गांव से बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन करने व अपनी मन्नतं पूरी करने के लिए पहुंच रहे हैं। भक्तों के द्वारा नौ दिवसीय व्रत रखकर परिवार की सुख, समृद्धि की कामना की जा रही है। नवरात्र के पावन अवसर पर रोज मां का विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। पंचमी तिथि में मां का विशेष श्रृंगार किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर मां के दर्शन किए गए। इस बार मां शारदा मंदिर में 161 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। आज सप्तमी तिथि पर मां का विशेष श्रृंगार होगा। साथ ही साहू समाज की महिलाओं के द्वारा मां को हलवा-पूड़ी का विशेष भोग लगाया जाएगा, इसमें सभी श्रद्धालुओं से निवेदन है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मां के दर्शन लाभ व प्रसादी प्राप्त करें।



### ग्रामीण युवाओं ने किया स्वच्छ भारत अभियान के तहत श्रमदान

**झलप।** जिला मुख्यालय से दूर ग्राम पंचायत पचरी के उत्थान समिति के सदस्यों द्वारा गांव में सम्पूर्ण स्वच्छ भारत अभियान के तहत श्रमदान कर ग्राम के तालाब के पचरियों में फैली गंदगी को साफ किया गया। यह अभियान 23 मार्च को भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीदी दिवस पर उत्थान समिति के युवाओं ने चलाया। औ मिल जुल साफ सफाई बीड़ा उठाया हैं, जिसका शुरुआत गांव के तालाब के पचारियों की सफाई कर किया गया। उत्थान समिति के सदस्यों द्वारा गांव के पचरी, पंडरीपानी, गोंडपाली, लामीडीह से आने जाने वाले राहगीरों का निस्तारी गुडेला तालाब का साफ सफाई किया गया। जिसमें राज कुमार जोशी, विजय मार्कण्डेय, डुनेश्वर प्रसाद टंडन थे।

### बिरकोनी में मारुति महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा 30 से

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में हाईस्कूल के सामने नव-निर्मित दक्षिण मुखी मारुति मंदिर में त्रि-दिवसीय श्री मारुति महायज्ञ प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन बरबसपुर चौक में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 30 मार्च से 02 अप्रैल तक होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत यज्ञ, हवन, पूजन, प्राण-प्रतिष्ठा एवं महाआरती जैसे विविध धार्मिक आयोजन आयोजित किए जाएंगे। प्रथम दिवस 30 मार्च सोमवार को सायंकाल पंचांग पूजन एवं भव्य कलश यात्रा, 31 मार्च मंगलवार को प्रातः 9 बजे से वेदी स्थापना, मंडप पूजन, मूर्ति कलश स्थापना,जलाधिवास, अग्नि स्थापना, संध्या हवन एवं आरती, 1 अप्रैल बुधवार को प्रातः से सायंकाल वेदी एवं मंडप पूजन, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, मंदिर एवं शिखर स्नान, हवन एवं संध्या आरती, 2 अप्रैल गुरुवार को प्रातः काल प्राण प्रतिष्ठा, अभिषेक पूजन, यज्ञ आहुति, पूर्णाहुति, महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। जिसमें आचार्य एवं विद्वान पं. नरेंद्र द्विवेदी, पं. ध्रुव नारायण शुक्ला, पं. राजेश शर्मा, पं. योगेश तिवारी, पं. मोहित तिवारी, पं. पंकज तिवारी, पं. सूर्यप्रकाश तिवारी, प्रायोजक परशुराम पुरोहित परिषद, आरंग समन्वयक राजपुरोहित अविनाश शर्मा द्वारा वैदिक एवं शास्त्रीय विधि-विधान से होगा। संयोजक हितेंद्र तिवारी ने समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### डिजिटल नेम नंबर प्लेट लगाने का काम जोर-शोर से

**महासमुंद।** छग शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा शहर के 30 वार्डों में डिजिटल नेम नंबर प्लेट लगाने का काम जोर-शोर से जारी है। वार्ड क्र. 14 में डोर टू डोर नंबर प्लेट लगाए जाने के मौके पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, प्रतिपक्ष नेता नानू भाई, पार्षदगण माखन पटेल, पीयूष साहू, राजू चंद्राकर, भाजपा नेता हनीश बग्गा, समीर करकसे, गोपाल प्रधान, सुरेंद्र महाराज उपस्थित होकर घर वालों को डिजिटल डोर की जानकारी दी गई। इन्होनें बताया कि शासन पूरे प्रदेश को डिजिटल करने जा रही है। इसमें मकान नंबर रोड नंबर क्षेत्र का नाम के साथ क्यूआर कोड है। जिसमें मकान मालिक 26 प्रकार की सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इसी के साथ नंबर प्लेट पर एक यूनिक नंबर भी दिया है। क्यूआर कोड को गूगल मेप पर सर्च करने से घर का पूरा पता आसानी से मिल जाएगा। मकान मालिक को संपत्ति शुल्क की जानकारी भी मिलेगी तथा ऑनलाइन टैक्स भी जमा किया जा सकता है। ऐसी सुविधा से नागरिकों का समय की भारी बचत होगी। साथ ही नगर पालिका जाने की जरूरत नहीं घर बैठे काम आसान हो जाएंगे। डोर नंबर बनाने के पहले सर्वे टीम से कुछ गलतियां हुई है। कुछ वार्ड के मोहल्लों के नामों में त्रुटियां हुई है। उदाहण के तौर पर वार्ड क्र. 13 में गुजराती पारा लिखा हुआ है। जबकि, वहां पर नहीं है। ऐसी त्रुटि से जानकारी गलत होगी, इसलिए सर्वे टीम को तत्काल सुधार कर डोर प्लेट में सुधार कराया जाए, नहीं तो सर्वे टीम पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## जन सहयोग से किया जा रहा सितली नाला का पुनरोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

महासमुंद के ऐतिहासिक सितली नाला को उसके पुराने स्वरूप में लौटाने और शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से स्वाध्याय केंद्र समिति महासमुंद द्वारा समाजसेवी स्वर्गीय अशोक चौरड़िया की स्मृति में अविरल सितली निर्मल सितली अभियान का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत निर्माण और सफाई का कार्य पिछले कई दिनों से युद्ध स्तर पर जारी है। वर्तमान में नाले के दोनों तटों पर मलबा डालकर समतलीकरण का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है, जिसके बाद अब नाले के भीतर जमा वर्षों पुराने कचरे और मलबे को बाहर निकालने का सघन कार्य किया जा रहा है ताकि जल का प्रवाह निर्बाध रूप से हो सके।

इस पुनीत कार्य का अवलोकन करने और



अभियान को समर्थन देने के लिए गत दिवस ग्राम पंचायत खैरा के सरपंच प्रांशु चंद्राकर भी सितली नाला पहुंचे। कार्य की प्रगति देख उन्होंने स्वाध्याय केंद्र समिति और नगरवासियों के इस सामूहिक प्रयास की सराहना की। सरपंच प्रांशु चंद्राकर ने विश्वास जताया कि इस अभियान की सफलता से न केवल महासमुंद शहर बल्कि खैरा के ग्रामीणों को भी एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के पूर्ण होने से क्षेत्र का कायाकल्प हो जाएगा, जिसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए आधुनिक गार्डन, स्वास्थ्य प्रेमियों के लिए मॉर्निंग वॉक के लिए पक्की सड़क और आमजनों के निस्तारी के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही भू-जल स्तर में सुधार होने से भविष्य में जल संकट से भी निजात मिलेगी।


निरीक्षण के दौरान स्वाध्याय केंद्र समिति के सचिव मोहन साहू, पवन साहू, सुरेंद्र ठेठवार, भूपेंद्र ढीमर सहित अन्य उपस्थित रहे, जो निरंतर कार्य की निगरानी कर रहे हैं। समिति का लक्ष्य जनभागीदारी के माध्यम से सितली नाला को एक आदर्श प्राकृतिक जल स्रोत के रूप में स्थापित करना है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शहर की सुंदरता में भी चार चांद लग सकें।

## महिलाओं की सुरक्षा और बाल विवाह उन्मूलन पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में महिलाओं की सुरक्षा एवं बाल विवाह उन्मूलन को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष महासमुंद में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नन्दनवार ने की।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी नन्दनवार ने निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों में समय-समय पर बैठक आयोजित कर कर्मचारियों, विशेषकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्यस्थल सुनिश्चित हो सके। कार्यशाला में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा,



रवि साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों को बताया गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न की शिकायतों के निवारण के लिए प्रत्येक शासकीय, अशासकीय एवं निजी संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। साथ ही भारत सरकार द्वारा संचालित ऑनलाइन पोर्टल सी-बॉक्स के माध्यम से सभी संस्थानों को अपनी समिति की जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे महिलाओं को शिकायत दर्ज करने में सुविधा मिल सके।

कार्यशाला में यह भी बताया गया कि अधिनियम के तहत सभी विभागों एवं संस्थानों से वार्षिक प्रतिवेदन मांगा गया है, जिसमें से कुछ कार्यालयों से रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। शेष विभागों को शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा पोर्टल में जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बाल विवाह मुक्त कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार 21 वर्ष से कम आयु के लड़के एवं 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह कराना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में दोषी को 2 वर्ष तक का कठोर कारावास या 1 लाख रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। बाल विवाह की सूचना अनुविभागीय दंडाधिकारी, पुलिस थाना, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखने का प्रावधान भी बताया गया।


### अधिवक्ता संघ चुनाव : रामनारायण बने मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**रायपुर।** अधिवक्ता संघ प्रबंधकारिणी समिति के 2 वर्ष के कार्यकाल के लिए निर्वाचन किया जाना है, जिसके लिए अधिवक्ता संघ ने रामनारायण व्यास को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त कर दिया है। अधिवक्ता संघ के 18 प्रबंधकारिणी समिति का चुनाव होना है, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 15 वर्ष वकालत का व्यवसाय पूर्ण करने वाले ही इस पद पर दावा कर सकते हैं।

इसी प्रकार उपाध्यक्ष महिला-13 वर्ष, उपाध्यक्ष पुरुष-13 वर्ष, कोषाध्यक्ष-15 वर्ष, सचिव-10 वर्ष, सहसचिव पुरुष 7 वर्ष, सहसचिव महिला-7 वर्ष, ग्रंथालय सचिव-15 वर्ष, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पुरुष-7 वर्ष, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव महिला-7 वर्ष, कार्यकारिणी सदस्य के कुल-8 पद हैं, जिसमें 2 पद महिला के लिए आरक्षित हैं।

### नवरात्रि के शुरुआती 3 दिन में साढ़े 9 करोड़ से अधिक की रजिस्ट्री

**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि के शुरुआती तीन दिन में 436 प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री हुई है, जिससे 9 करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई है। सबसे अधिक नवरात्रि के दूसरे दिन 4 करोड़ 14 लाख रुपए से अधिक की रजिस्ट्री हुई है, जिसमें 185 रजिस्ट्री हुई है। सामान्य दिनों की तुलना में नवरात्रि में इस बार भी रजिस्ट्री कराने वालों की संख्या के साथ आय में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन पिछली चैत्र नवरात्रि की तुलना में रजिस्ट्री और आय दोनों में कमी आई है। इसका कारण नई गाइड लाइन में जमीन की बढ़ी दरें हैं। जमीन की दरें बढ़ने के कारण इस बार प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री में कमी आई है, जिसका असर पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री पर भी पड़ा है। नवरात्रि के पंचमीं के दिन सोमवार को पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ बहुतकम रही, जिससे इस दिन रजिस्ट्री के साथ आय भी कम होने की संभावना है। हालांकि पंचमीं के दिन कुल कितनी रजिस्ट्री तथा आय हुआ है। इसी जानकारी मंगलवार को मिल पाएगी। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि त्योहार के दौरान कभी ज्यादा तो कभी कम रजिस्ट्री होती है। पिछले वर्ष ज्यादा रजिस्ट्री हुई थी, तो आय भी अधिक हुी थी।



## खबर संक्षेप



### छपोराडीह में कर्मा जयंती समारोह 29 को

**महासमुंद।** ग्राम छपोराडीह में 29 मार्च रविवार को साहू समाज द्वारा प्रथम बार भक्त मां कर्मा की 1010वीं वर्षगांठ समारोह का आयोजन मानस भवन में किया गया है। दोपहर 2 बजे भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम 5 बजे माता कर्मा पूजा महाआरती भोग, 6 बजे आतिथि आगमन स्वागत सम्मान समारोह, भंडारा में महाप्रसादी वितरण। शाम 7 बजे हमर छत्तीसगढ़ डांस ग्रुप साजापाली के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि 10 बजे गंगा साहू कृत छत्तीसगढी लोक कला लोक बयार आरंग की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में तुलसीराम साहू, मदन साहू, सालिक साहू, ललित बलदेव साहू, मम्मता रथराम साहू सहित सदस्य तैयारी में जुटे हुए है।

# जिले में विश्व क्षय दिवस पर टीबी मुक्त भारत अभियान के द्वितीय चरण की हुई शुरुआत

## टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**महासमुंद।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार विश्व क्षय दिवस पर टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय निक्षय निरामय अभियान (द्वितीय चरण) का विधिवत शुभारंभ किया गया। साथ ही जिले में टीबी जांच को और अधिक सुलभ बनाने के लिए हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेवर राव, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम) नीलू धृतलहरे उपस्थित रहे। जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी विकासखंड मुख्यालयों एवं जन आरोग्य मंदिरों में जन-जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे आमजन में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।



इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव ने टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। प्रत्येक विकासखंड से दो मितानिन एवं दो मितानिन प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर वर्ष 2025 में टीबी मुक्त घोषित सभी 305 ग्राम पंचायतों को भी इस अवसर पर गांधी की प्रतिमा, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ओंकार पाठक कार्यक्रम सहायक पीपीएम कोऑर्डिनेटर, घनश्याम देशमुख पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर, विनय नाग (एसटीएस) एवं अरविंद सिदार (एसटीएलएस) एवं अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद में टीबी रोग के प्रति जागरुकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें टीबी रोग की जानकारी प्रदान की गई तथा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर ने टीबी बीमारी, उसके लक्षण, उपचार एवं रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा जिले की उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने बताया कि जिले में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। जिसमें वर्ष 2023 में 292 ग्राम पंचायत, वर्ष 2024 में 278 ग्राम पंचायत एवं वर्ष 2025 में 305 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है।



### पार्षद की पहल से पशु-पक्षियों के लिए कोटना व बसेरा का इंतज़ाम

**महासमुंद।** आगामी गर्मी के लिए वार्ड नं. 22 के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने स्वयं के व्यय से पहल करते हुए वार्ड नंबर 21, 22 व 23 के अनेक जगह गाय, भैंस, कुत्ते व अन्य बेजुबान पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कोटना, बसेरा व सुरैय्या का इंतजाम किया। ताकि बेजुबान जानवरों को तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिले। उन्होंने वार्डवासियों से भी अपील की है कि अपने अपने घर के आसपास इसी तरह की व्यवस्था करें, जिससे बेजुबान जानवरों को इस चिलचिलाती गर्मी में राहत पहुंचाई जा सके।



### रायतुम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हिंदू नववर्षः चित्रकुमार

**महासमुंद।** देशभर में हिंदू नववर्ष हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर ग्राम रायतुम में डीजे के साथ रैली भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई और लोगों ने अपने घरों को सजाकर नए वर्ष का स्वागत किया। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन के लिए उमड़ पड़े। कई स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली गईं। जिनमें पारंपरिक वेशभूषा, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। हिंदू नववर्ष जिसे कई क्षेत्रों में विक्रम संवत का आरंभ माना जाता है, नई ऊर्जा, आशा और सकारात्मकता का प्रतीक है। इस दिन लोग अपने पुराने मतभेद भुलाकर नई शुरुआत करने का संकल्प लेते हैं। सरकार और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी इस अवसर पर स्वच्छता अभियान और समाजसेवा के कार्यक्रम आयोजित किए गए। हिंदू नववर्ष केवल एक तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि जीवन में नए लक्ष्यों और संकल्पों को अपनाने का अवसर भी है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में धरम पटेल उपस्थित रहे। साथ में भाजपा नेता चित्रकुमार भारती, सुनील पटेल, मनोहर साहू, नारायण साहू, डा. सोमनाथ सिन्हा, त्रिलोक शर्मा आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी ने मनाया शहीद दिवस

**महासमुंद।** राष्ट्रीय शहीद दिवस पर स्थानीय शहीद भगत सिंह चौक में शहीद दिवस राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी महासमुंद इकाई द्वारा मनाया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं वाहिनी के प्रदेश मंत्री देवीचंद राठी ने बताया कि राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे रायपुर, प्रदेश प्रभारी सरजू तिवारी पिथौरा, प्रदेश महामंत्री जगेश राय सक्ती, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कुमार जायसवाल रायगढ़, मानव अधिकार प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर, पार्षदगण माखन पटेल, पीयूष साहू, वाहिनी के संभाग प्रभारी युवराज साहू, भूषण लाल चंद्राकर, छेदीलाल राठौर, जनरेल सिंग ने शहीद भगत सिंह के प्रतिमा पर फूल माला अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु एवं शहीद सुखदेव को याद किया गया। हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे ने कहा कि तीनों वीरों की शहादत आज भी युवाओं के लिए देश भक्ति का मिसाल व सबसे बड़ी प्रेरणास्रोत है। इन शहीदों को देश की आजादी एवं संप्रभुता के लिए याद किया जाता है। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि 23 मार्च 1931 को ब्रिटिश सरकार ने तीन जांबाज क्रांतिकारियों को लाहौर के सेंट्रल जेल में फांसी की सजा दी गई थी। कारण की इन तीन नौजवानों ने लाला लाजपत राय के हत्या का बदला लेने के लिए अंग्रेज अफसर सांडर्स की हत्या की थी, ऐसे महान सपूतों को पूरा देश याद कर रहा है।



**महासमुंद।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर पंचमी के दिन गुड़रुपारा सेवा समिति द्वारा जस गीत का आयोजन हुआ। जिसमें महेश सोनी व भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री गीतिका सोनी ने सभी सेवा समिति के सदस्यों को माता रानी की चुनरी भेंट की।

### छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का निर्वाचन 12 को

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के संस्थापक सदस्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुकालू राम यदु एवं जगत राम यादव ने बताया समाज के प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी किया गया है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव के एक एक पद एवं सदस्य 2 पद के लिए मतदान प्रक्रिया समाज के प्रधान कार्यालय छत्तीसगढ़ झेरिया यादव सामाजिक भवन महादेव घाट रायपुर में होगा।

# नवरात्र पर ज्योत-जंवारा की भक्ति में डूबे भक्त, बढ़ा रहा उत्सव



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में चैत्र नवरात्र पर्व पर देवी मंदिरों व घरों में विशेष रूप से जंवारा बोने की परंपरा है। जिसे ग्रामीण सुख-समृद्धि व नई ऊर्जा के प्रतीक मानते हैं। ग्राम बिरकोनी में देवी मंदिरों के अलावा दर्जनभर भक्तों ने घरों में ज्योत प्रज्ज्वलित की गई हैं। ग्राम के सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालु माता के आराधना में लीन हैं। वहीं ग्राम अछरीडीह नयापारा के वार्डों के घरों में ज्योत जंवारा उत्सव पर श्रद्धालुओं द्वारा माता की पूजा व उपासना की जा रही है। भक्त नौ दिन व्रत रहकर माता सेवा में डूबे हुए है। घरों में ज्योत जलाने व जंवारा बोने की परंपरा कई घरों में 70-80 साल पहले से भी कायम है। भक्त घरों में पूरे परिवार सहित अपने देवी देवता की पूजा अर्चना के लिए माता सेवा में लगे हुए हैं। नवरात्र पर्व में नौ कन्या भोज को लेकर व्रतधारी महिलाओं व बालिका तैयारी में हैं। देवी उपासना के लिए निसदिन जसगीत सेवा गीत की प्रस्तुति मंडलियों ने सुबह शाम दे रहे हैं। वही श्रद्धालु माता दर्शन के साथ पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना की हैं। इस पर्व को लेकर सभी ग्राम के कुल देवी मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही हैं। ग्राम के बैगा सुबह से धूप, दीप व अगरबत्ती से माता की आराधना कर रहे हैं। महिलाएं व बालिकाएं सुबह-शाम पर्व को लेकर घर व मंदिर के आंगन में रंगोली बना रही हैं। सांध्य होते ही दीप प्रज्ज्वलित कर माता के उपासना घर में करने के बाद देवी मंदिर के महाआरती में मातारानी श्लोक के गीत व माता चालीसा पाठ के साथ पूजा-अर्चना की जा रही हैं।

### साय सरकार की सख्ती से नक्सल नेटवर्क कमजोर

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच लंबे समय से फरार कुख्यात नक्सली कमांडर पापा राव के संभावित आत्मसमर्पण को निधि लोकेश चंद्राकर ने भाजपा सरकार की नीति, सुरक्षा बलों के साहस और जनविश्वास का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि करीब 25 लाख रुपए का इनामी पापा राव वेस्ट बस्तर डिवीजन का सचिव और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का सदस्य रहा है। वहीं प्रदेश सरकार द्वारा भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए की गई बड़ी घोषणा पर जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने इस निर्णय को गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए नई उम्मीद की किरण बताया। सरकार द्वारा प्रत्येक हितग्राही को 10,000 रुपए की सहायता राशि उनके बैंक खातों में सीधे अंतरित की जाएगी।



# मोदी सरकार में गरीबों को उठाना पड़ा 19000 करोड़ का नुकसान : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार के दिखावे की राजनीति के चलते पूरे देश में गरीबों के खाते खुलवाए गए और कहा कि जितना भी सरकार से आपको फायदा मिलता है वो सीधे आपके खाते में मिलेगा। अंकित ने बताया कि इससे उलट सच्चाई ये है कि बैंकों की ओर से न्यूनतम बैलेंस न रखने पर गरीबों से 19,000 करोड़ रुपये वसूल लिए। अंकित ने बताया बैंकों द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों में बैंक खाते की न्यूनतम शेष राशि न रखने पर वसूले गए भारी जुर्माने की राशि अमीरों या बड़े कर्जदारों से नहीं, बल्कि सबसे गरीब खाताधारकों से वसूली की गई है, जिनका एकमात्र अपराध यह था कि उनके पास पर्याप्त पैसे नहीं थे।

अंकित ने बताया यह जुर्माना उन लोगों पर लगाया गया है जो सबसे ज्यादा आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्होंने विशेष रूप से किसानों, पेंशनरों और दैनिक मजदूरों का उल्लेख किया, जिनके खातों में न्यूनतम राशि कम होने पर भी भारी जुर्माना लगाया गया। उन्होंने कहा कि पेंशनर जब अपनी दवाइयों के लिए पैसे निकालते हैं, तब भी उन पर जुर्माना लगता है और दैनिक मजदूर के खाते में कुछ सौ रुपये कम होने पर भी उनसे पैसे वसूले जाते हैं। अंकित ने कहा कि उनका मानना है कि वित्तीय समावेशन का लक्ष्य छोटी बचत की रक्षा करना होना चाहिए, न कि छोटे बैंक बैलेंस वाले लोगों को दंडित करना। उन्होंने कहा कि गरीब लोग बैंकों में अपना पैसा सुरक्षा के लिए रखते हैं, और उन्हें उनकी गरीबी के लिए चुपचाप दंडित नहीं किया जाना चाहिए। अंकित ने केंद्र की मोदी सरकार से न्यूनतम बैलेंस पेनल्टी को खत्म करने की मांग की। यह कदम गरीबों को राहत देगा और वित्तीय समावेशन को उसके वास्तविक अर्थ में साकार करेगा। अंकित ने बताया कि केंद्र सरकार ने अभी चल रहे संसद सत्र में इस बात को स्वीकार करते हुए बताया कि पिछले तीन वर्षों में बैंकों की ओर से न्यूनतम बैलेंस न रखने पर 19,000 करोड़ रुपये की राशि वसूली गई। अंकित ने कहा कि यह राशि उन लोगों से ली गई है जिन्हें वित्तीय प्रणाली का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, न कि उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। जुर्माने की वसूली गई राशि में पब्लिक सेक्टर के बैंकों ने लगभग 8 हजार करोड़ वसूले, जबकि प्राइवेट सेक्टर के बैंकों ने इस दौरान लगभग 11 हजार करोड़ रुपए वसूले। अंकित ने कहा कि गरीब लोग सुरक्षा के लिए बैंकों में पैसे रखते हैं, न कि गरीब होने की वजह से चुपचाप जुर्माना भरने के लिए।



उन्होंने कहा कि बार-बार लगने वाले बैंक शुल्कों की वजह से कई बार खातों का बैलेंस नेगेटिव में चला जाता है, जिससे ग्राहकों को जुर्माने के तौर पर अपनी जमा की गई मूल रकम से भी ज्यादा पैसे चुकाने पड़ते हैं।

उन्होंने कहा कि कई बार बैंक लगातार शुल्क जोड़ते रहते हैं और बैलेंस नेगेटिव हो जाता है। कभी-कभी वे शुल्कों के नाम पर हमसे हमारी जमा की गई असल रकम से भी ज्यादा पैसे वसूल लेते हैं। क्योंकि आज कल यूपीआई सुर अन्य माध्यमों से लगातार ऑनलाइन पेमेंट का प्रचलन बढ़ा है। जिसके कारण भी न्यूनतम बैलेंस बैंकों से खत्म हो जाता है।

# जिपं सीईओ ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक के पश्चात आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं आमजन में जागरूकता बढ़ाने के संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




बैठक में सीईओ नंदनवार द्वारा शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे विद्यार्थियों के माध्यम से पालकों से संपर्क स्थापित कर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाएं, ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी विकसित हो सके। नंदनवार ने यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए यातायात विभाग को निर्देशित किया गया कि हेलमेट न पहनने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर ई-चालान की प्रभावी कार्रवाई हेतु आवश्यक स्थानों पर कैमरे स्थापित किए जाएं।

रात्रि के समय सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु एनएचआई, पशुपालन विभाग, यातायात विभाग तथा नगरीय निकायों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) का चिन्हांकन कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग तथा नगरीय एवं ग्रामीण निकायों को निर्देशित किया गया। सीईओ नंदनवार ने सभी संबंधित विभागों को सड़क सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने तथा समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# विभिन्न ग्रामों में आयोजित कर्मा जयंती में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों चिरको, सिंघुपाली व खट्टी में माता कर्मा जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन सभी गांव के कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। माता कर्मा की पूजा अर्चना कर समाज में सद्भावना, भाईचारे के लिए प्रार्थना की। उन्होंने साहू समाज द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यों को प्रेरणास्पद बताया। साथ ही उन्होंने सामाजिक एकता बनाए रखने और युवाओं को नशा से दूर रहने का आह्वान किया। नपाध्यक्ष ने अपने संबोधन में समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश देते हुए कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी परंपराओं और संस्कारों से होती है, इसलिए हमें अपनी संस्कृति और रीति-रिवाजों को सहेजकर आगे बढ़ाना होगा। जिसके लिए समाज के सभी लोगों में आपसी एकता, भाईचारा बनाए रखने और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढक़र भाग लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा ने निःस्वार्थ भक्ति और प्रेम का संदेश दिया। उनके बताए आदर्श सेवा के मार्ग से ही साहू समाज की उत्कृष्ट पहचान बनी है। इस दौरान सभी ग्रामों में श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन, सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।



# केवायसी व सर्वर मेंटेनेंस का बहाना बनाकर गरीबों को किया जा रहा राशन से वंचित : विनोद

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद सहित पूरे प्रदेश में साफ्टवेयर अपडेट तथा सर्वर मेंटेनेंस के नाम पर 5 दिनों तक राशन वितरण बंद कर दिया गया है। इससे पहले केवायसी के नाम पर गरीब हितग्राहियों को राशन वितरण प्रभावित किया गया था। महीनों तक केवायसी अपडेट नहीं हो पाने के कारण हितग्राहियों को 2-2 माह का चावल नहीं मिल पाया। किसी तरह हितग्राहियों ने केवायसी पूर्ण कराया तो साफ्टवेयर अपडेट तथा सर्वर मेंटेनेंस के नाम पर पुनः राशन वितरण प्रणाली को बाधित कर दिया गया। बार-बार इस तरह से राशन वितरण प्रभावित किया जाना चावल की कालाबाजारी व कमीशनखोरी को इंगित कर रहा है। क्योंकि, इससे पूर्व केवायसी के नाम पर हितग्राहियों को चावल नहीं दिया गया था। केवायसी कराने के बाद जितने माह का चावल हितग्राहियों को नहीं मिल पाया था, उन्हें एकमुश्त दिया जाना था। जबकि, केवायसी कराने के बाद केवल चालू माह का ही चावल हितग्राहियों को दिया गया। जरूरतमंदों को राहत देने के बजाय विभागीय मनमानी ने संकट और बढ़ा दिया है। पूरे प्रदेश के अलावा अकेले महासमुंद जिले के 3.60 लाख से अधिक उपभोक्ता सरकारी मनमानी का शिकार होकर परेशान हो रहे हैं।





## खबर संक्षेप

### कॉलेज में छात्रों के लिए निःशुल्क स्टेशनरी

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के समस्त छात्र/छात्राओं के लिए निःशुल्क स्टेशनरी 2025-26 कार्यालयीन समय 11 से 05:30 बजे में ग्रंथालय से प्राप्त कर सकते हैं। स्टेशनरी प्राप्त करने के लिए परिचय पत्र की मूल प्रति एवं जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है।

### गांवों में अखंड रामायण 27 से

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा, बेलसोडा एवं नांदगांव में रामनवमी पर्व पर पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। 27 मार्च से 1 अप्रैल तक 2026 तक तक चलने वाले इस सम्मेलन में अनेक मानस मंडली अपनी प्रस्तुति देंगी। यह मुकेश चंद्राकर जानकारी दी है।

### छग वैष्णव समाज महासभा का हुआ पुनर्गठन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ वैष्णव समाज महासभा अंतर्गत वैष्णव मंडल का पुनर्गठन किया गया। जिसमें वैष्णव मंडल अध्यक्ष संतोष दास वैष्णव खरोरा एवं सचिव नारायण दास वैष्णव महासमुंद, वैष्णव मंडल रत्न लालदास वैष्णव बिरकोनी, जीवन दास वैष्णव चिंगरौद, मंडलेश्वर रामनारायण दास वैष्णव, सलाहकार ईश्वरदास वैष्णव बम्हनी, संतोष वैष्णव महासमुंद, उपाध्यक्ष शेषनारायण वैष्णव बेमचा को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस अवसर पर रमन दास वैष्णव खल्लारी जिला कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा जिला महासमुंद, रुपदास वैष्णव, गौतम दास, गोपाल दास, रुखमेश दास, रामकृष्ण दास, हेमंत दास वैष्णव आदि मौजूद रहे।

### जिपं सीईओ ने जनदर्शन में सुनी लोगों की मांग एवं समस्याएं



**महासमुंद।** जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जनदर्शन में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। मगंलवार को जनदर्शन में आज कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में ग्राम जमड़ी बसना निवासी दीपक डडसेना ने मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल हेतु आवेदन किया। इसी तरह ग्राम पाली के ग्रामवासियों ने ओलावृष्टि से हुए नुकसान की राशि हेतु, ग्राम बुंदेली निवासी विमल दास महंत ने तेंदुकोना-बुंदेली मार्ग डामरीकरण के लिए, ग्राम कांपा निवासी संतोष यादव ने प्रधानमंत्री आवास हेतु भूमि प्रदान करने के लिए, ग्राम पड़कीपाली निवासी परमानंद ने स्वामित्व भूमि से बैंक बंधक हटाने हेतु, महासमुंद निवासी ललिता प्रधान ने नोनी सशक्तिकरण योजना का लाभ दिलाने हेतु, इमलीभांठा निवासी सोनिया शरद भोई ने वात्सल्य योजना का लाभ दिलाने एवं ग्राम बेमचा निवासी रूपराय निषाद ने पेंशन के लिए आवेदन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# जिला पंचायत सीईओ ने ली समय-सीमा की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सीईओ नंदनवार ने बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में वित्त विभाग के निर्देशों के अनुरूप सभी विभागों को समय सीमा के अंतर्गत सभी लंबित बिलों को इस माह की 25 तारीख तक अनिवार्य रूप से जमा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने धान उठाव की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में धान उठाव के कार्य में तेजी लाएं और शेष धान का उठाव शीघ्र करें। खाद्य अधिकारी ने बताया गया कि अभी तक 9.40 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। नंदनवार ने जिले में कुपोषण को समाप्त करने के लिए अधिकारियों को चिन्हांकित कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें पोषित करने की जिम्मेदारी दी है। शिक्षा विभाग की समीक्षा




में पीएमश्री स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने तथा स्कूल निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की सतत निगरानी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। वहीं सभी स्कूलों में बालिका शौचालयों को सुचारू रूप से संचालित रखने के निर्देश भी दिए गए।

सीईओ नंदनवार ने जनगणना से संबंधित तैयारियों पर निर्देश देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी अद्यतन रखने और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने कहा है। साथ ही प्रशिक्षण एवं एंट्री कार्यों को भी तेजी से पूर्ण करने के लिए कहा गया। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत कृषि विभाग को शत-प्रतिशत पात्र किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा में लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से पाम ऑयल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व पखवाड़ा का आयोजन कर लोगों को उनके राजस्व अधिकारों के प्रति जागरूक, दस्तावेजों का सत्यापन तथा मौके पर ही समस्याओं का समाधान करें। प्राप्त आवेदनों एवं निराकृत प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा सुधार एवं अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, समय-सीमा पत्रक और राजस्व प्रकरणों, लोक सेवा गारंटी की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य विभागों से संबंधित पत्रों एवं लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## गोष्ठी : शताब्दी वर्ष में संगठित और समर्थ भारत का लिया संकल्प

# संघ के 100 वर्ष, राष्ट्र के पुनरुत्थान की अनवरत साधना : शिवराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला महासमुंद द्वारा

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा महासमुंद में प्रमुखजन गोष्ठी हुई

संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चन्द्रोदय पब्लिक विद्यालय में भव्य प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सक, अधिवक्ता, शिक्षाविद्, व्यापारी, किसान, मजदूर, सैन्य अधिकारी एवं समाज के विभिन्न प्रबुद्ध वर्गों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र प्रचारक प्रमुख शिवराम समदरिया ने कहा कि संघ के 100 वर्ष राष्ट्र के पुनरुत्थान की अनवरत साधना है। उन्होंने कहा, डॉ. हेडगेवार ने जिस ध्येय के साथ 1925 में संघ की स्थापना की थी, आज वह वटवृक्ष समाज के हर घटक को राष्ट्र-प्रथम के विचार से जोड़ रहा है। शताब्दी वर्ष के अवसर पर उन्होंने पंच परिवर्तन-स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और नागरिक अनुशासन पर विशेष बल दिया।

मुख्य वक्ता ने कहा कि समाज का प्रबुद्ध वर्ग राष्ट्र का 'मस्तिष्क' होता है। जब समाज का प्रभावशाली वर्ग राष्ट्रहित में सक्रिय होता है, तब भारत को 'विश्वगुरु' बनने से कोई नहीं




रोक सकता। उन्होंने आह्वान किया कि महासमुंद का प्रबुद्ध समाज अपने-अपने कार्यक्षेत्र में रहते हुए राष्ट्र-निर्माण के संकल्पों को धरातल पर उतारे।

कार्यक्रम का प्रारंभ जिला संघ चालक महेश चंद्राकर एवं मुख्य वक्ता शिवराम समदरिया द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के पश्चात मनोज देवांगन द्वारा एकल गीत के साथ हुआ। अतिथि परिचय प्रमुख जन गोष्ठी के जिला प्रभारी रामनारायण साहू ने किया। कार्यक्रम का प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए जिला सह कार्यवाह रिंकू बैरागी ने बताया कि शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित प्रमुखजन गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रबुद्ध वर्ग डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, व्यापारी, सेवानिवृत्त अधिकारी और समस्त सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं को संघ के विचारों से जोड़ना और राष्ट्र निर्माण में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना है। हम सभी को राष्ट्र प्रथम सामूहिक संकल्प लेना होगा। नगर संघचालक भूपेंद्र राठौर, खंड संघचालक भगोली राम साहू, राजिम विभाग के अधिकारी नारदजी, विपिन शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने की गोष्ठी में कार्यक्रम का संचालन खंड बौद्धिक शिक्षण प्रमुख उमेश भारती गोस्वामी ने किया। आभार प्रदर्शन करते हुए नगर कार्यवाह राजेश डडसेना ने कहा कि इस सभागार में उपस्थित समाज का प्रत्येक अंग चाहे वह बौद्धिक हो, व्यापारिक हो, आध्यात्मिक हो या श्रमजीवी, आप सभी मां भारती की माला के अनमोल रत्न हैं। आप सभी के सामूहिक पुरुषार्थ से ही संगठित, समर्थ व समृद्ध भारत का स्वप्न साकार होगा। अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाएंगे। सांघिक गीत गुलाब ठाकुर के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वन्देमातरम के साथ हुआ।

इस अवसर पर संघ के जिला अधिकारी राधेश्याम सोनी, संतोष ध्रुव, नीलेश पटेल, गोवर्धन प्रधान, खगेंद्र तारक, चंदन डडसेना, कुणाल चंद्राकर, रामेश्वर साहू, जैनन्द्र चंद्राकर, संजय गिरि, विविध संगठन से चंद्रहास चंद्राकर, द्वारिका चंद्राकर, डॉ संजीव कर्माकर, दिशा रामस्वरूप दीवान, संध्या शर्मा, अशोक गिरि गोस्वामी, हुलसी चंद्राकर, धनेश सिन्हा, देवदत्त चंद्राकर, खिलावन मेहरा, राहुल चंद्राकर, कथावाचक बसंत कुमार, चित्रसेन गिरि, आरके होता, पुजारी शिवदास वैष्णव, बुद्धेश्वर सोनवानी, यमुना साहू, प्रीति सोनी, मानिक लाल साहू, कुबेर प्रकाश गिरि, संजय चंद्राकर, राजेश शर्मा, राजेंद्र इंगोले, भागवत जगत, बसंत साव, जयराम पटेल, केआर ठाकुर, रुद्र कुमार डडसेना, हनी गंभीर, सुखनंदन धीवर, नारायण ठाकुर, हेमेंद्र हेमू चंद्राकर, कुंभज चंद्राकर, डॉ वाणी तिवारी, तारा चंद्राकर, डॉ भूपेंद्र सिन्हा, डॉ सोहनलाल, भावना गांधी, तारिणी चंद्राकर, कोमल साहू, प्रखर साहू, नीतेश वास्तव, एल गुप्ता, दिलीप ध्रुव, किरण पटेल, डोमार साहू, गुप्तेश नामदेव, छनू निर्मलकर, भूपेंद्र चंद्राकर, गोपी कन्नौजे, कुंदन प्रजापति, डोमार पटेल, डॉ हेमलता, मोहन चंद्राकर, हुलस राम साहू, निशांत शर्मा सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# ड्रैगन फ्रूट की उन्नत खेती से उमा को हो रही प्रति एकड़ सवा लाख की आमदनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बागबाहरा विकासखंड के ग्राम कुल्हरिया की कृषक उमा शुक्ला पति प्रकाश नारायण शुक्ला को राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत फल क्षेत्र विस्तार योजना से जुड़कर खेती के क्षेत्र में अच्छी सफलता मिली। उमा शुक्ला एवं प्रकाश नारायण शुक्ला बताते है कि पूर्व में वे अपनी 1.62 हेक्टेयर भूमि पर पारंपरिक रूप से धान की खेती करती थीं, जिसमें औसतन 15 से 18 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन होता था और आय सीमित रहती थी। सिंचित रकबा 1.00 हेक्टेयर तथा असिंचित 0.60 हेक्टेयर होने के बावजूद पारंपरिक खेती से अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा था।

उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में शुक्ला दंपति ने अपनी भूमि पर ड्रैगन फ्रूट की उन्नत खेती प्रारंभ की। उन्होंने आधुनिक तकनीकों को अपनाया, जिससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। शुक्ला बताती है कि ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू करने के बाद पहले ही वर्ष में उन्हें लगभग 40 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त हुआ, जिसे महासमुंद एवं बागबाहरा मंडी में लगभग 80 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय किया। इससे उन्हें लगभग 1,25,000 रुपए की शुद्ध आय प्राप्त हुई। वही पहले धान की खेती में प्रति एकड़ कुल आय सीमित थी और लागत निकालने के बाद लाभ बहुत कम रह जाता था। ड्रैगन फ्रूट की खेती में प्रारंभिक लागत अधिक होने के बावजूद बेहतर बाजार मूल्य और उत्पादन के कारण कुल लाभ में वृद्धि हुई है। उमा शुक्ला की इस सफलता ने आसपास के किसानों को भी प्रेरित किया है। उनके प्रयासों को देखकर अन्य कृषक भी पारंपरिक खेती छोड़कर उद्यानिकी फसलों की खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

# कुम्हार समाज का होली मिलन समारोह

**नर्रा।** कुम्हार समाज के नवनिर्मित सामाजिक भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के ईस्ट देव जगत के पालनहार लक्ष्मीनारायण भगवान के तैलचित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर किया गया। पश्चात उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगा कर व गले मिल कर होली मिलन की बधाई दी। यह होली मिलन यह केवल आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने का माध्यम है बल्कि, समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत को सहजने का भी बेहतरीन अवसर बताया। इस दौरान युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष घनश्याम चक्रधारी ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं को समाज के हर प्रमुख गतिविधियों में भाग लेना चाहिए, तभी समाज आगे बढ़ेगा। युवा शक्ति देश की असली ताकत है। इस दौरान समाज के प्रमुख बृजलाल राणा,




मोरत ध्वज चक्रधारी, रामेश्वर चक्रधारी इत्यादि ने भी संबोधित किया। इस दौरान युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रजीत चक्रधारी, जेठूराम चक्रधारी, लुभेश्वर चक्रधारी, कमल चक्रधारी, दयाराम चक्रधारी, नेताराम चक्रधारी, मेघराज चक्रधारी, रितेश चक्रधारी, भीषम चक्रधारी, देवनारायण चक्रधारी, कुबेर, रेवाराम चक्रधारी आदि मौजूद रहे।

## शहर की स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए पहल शुरू

**महासमुंद।** नगर पालिका ने शहर की स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक पहल शुरू की है। इसका उद्देश्य सभी फुटकर, बॉडी, स्ट्रीट वेंडर्स को उचित कचरा प्रबंधन के महत्व के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान के तहत नीला डस्टबिन सूखे कचरे और हरा डस्टबिन गीले कचरे के लिए निर्धारित किया गया है। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया कि यदि किसी ठेले या दुकान के आसपास कचरा या गंदगी पाई जाती है तथा डस्टबिन उपलब्ध नहीं होता है तो विक्रेता पर जुर्माना लगाया जाएगा। नपाध्यक्ष ने कहा है कि शहर की स्वच्छता में योगदान देने के लिए स्ट्रीट वेंडर्स की जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण है। सही कचरा प्रबंधन और स्वच्छता से ही हम एक स्वस्थ और सुंदर शहर की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। उन्होंने सभी फुटकर व्यापारियों, बॉडी, स्ट्रीट वेंडर्स विक्रेताओं से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में डस्टबिन अवश्य रखें और ग्राहकों को भी कचरा सही डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित करें। साथ ही विक्रेता यह भी सुनिश्चित करें कि उनकी दुकान से सड़क मार्ग अवरुद्ध न हो। सड़क पर कचरा न फेंका जाए। पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े के थैले का उपयोग करे। यह पहल शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहायक होगी।

# चैत्र नवरात्र की पंचमी पर हुई मां स्कंदमाता की आराधना, मंदिरों में गूंजा जयघोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नवरात्र पर्व की पंचमी तिथि का विशेष महत्व होता है। यही कारण है कि नगर सहित अंचल की सभी देवी मंदिरों में पंचमी को लेकर खास तैयारियां हुई। मंदिरों में पहले ही दिन से नवरात्र को लेकर रौनक देखने को मिल रही है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में मां के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं समितियों द्वारा भी नवरात्र को देखते हुए रोजाना विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। पंचमी के अवसर पर कई स्थानों पर प्रसाद का वितरण भी किया गया।

अंचल के प्रमुख मंदिरों में सिंघोड़ा घाटी में स्थित रूद्रेश्वरी मंदिर में सबसे अधिक 1580 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित हुए हैं। इसके अलावा नगर प्रवेश द्वार में स्थित घंटेश्वरी मंदिर, बस स्टैंड स्थित कात्यायनी, समलेश्वरी, महलपारा शीतला और प्राचीन दुर्गा मंदिर सहित जामबहलियन (बैतारी) और अर्जुडा के मंदिरों में भी ज्योत प्रज्वलित की गई हैं। सुबह और शाम



मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। शाम होते ही माता का दर्शन करने लोग परिवार के साथ मंदिरों में पहुंच रहे हैं, जस गीतों से मंदिर गूंजायमान हो रहे हैं। घंटेश्वरी माता मंदिर के प्रधान ने बताया कि पिछले सालों की अपेक्षा इस बार श्रद्धालुओं के अधिक भीड़ आ रही है,। कात्यायनी मंदिर समिति के राजेंद्र दास ने बताया कि मंदिर में सुबह से रात तक श्रद्धालुओं का रेला लग रहा है। पंचमी को लेकर मंदिर में विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना किया गया।

### 27 को रामनवमीं

चैत्र नवरात्र के चलते इन दिनों जहां घर-घर माता रानी की पूजा हो रही है। तो वहीं देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इसके साथ ही रामनवमी को धूमधाम से मनाने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई। पंडितों के अनुसार इस साल उदया तिथि के चलते 27 को रामनवमी मनाई जाएगी। भगवान राम का जन्मोत्सव रामनवमी महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के राम मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे। राम मंदिर के पुजारी ने बताया कि रामनवमी पर रवि पुष्य सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। नवमी तिथि 26 मार्च को दिन में 11 बजकर 48 मिनट से प्रारंभ होगी और 27 मार्च को सुबह 10 बजकर 06 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि के चलते नवमी तिथि 27 मार्च तक प्रभावी रहेगी। इसी कारण नगर सहित अंचल में श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ रामनवमी का उत्सव मनाएंगे। इस दिन भक्तजन व्रत रखकर भगवान राम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे। रामायण पाठ, भजन-कीर्तन तथा धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होंगे।

## प्राणीशास्त्र में आशीष, गणित में अंजू को गोल्ड मैडल, उत्कृष्ट प्रदर्शन से उत्साह

# महाविद्यालय के विज्ञान संकाय में छात्रों ने बनाया प्रावीण्य सूची में स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य



स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर परीक्षा परिणामों की घोषणा के साथ ही मेधावी विद्यार्थियों का उत्साह चरम पर है। पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर से संबद्ध इस प्रतिष्ठित महाविद्यालय ने विज्ञान संकाय में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल व उच्चतम अंक हासिल कर छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य करूणा दुबे ने परीक्षा परिणाम की इस उपलब्धि पर कहा कि यह महाविद्यालय की प्राध्यापकों की अथक मेहनत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और विद्यार्थियों के समर्पण का परिणाम है। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय न केवल महासमुंद जिले का नोडल कॉलेज है, बल्कि छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है। इस परीक्षा परिणाम पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे परिणाम विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को और मजबूत बनाते हैं। साथ ही महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, समिति सदस्यों एवं समिति के प्रभारी प्रो. अजय कुमार राजा ने उपरोक्त परिणाम पर हर्ष जताया है।

एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर प्राणी शास्त्र में आशीष सिन्हा ने विश्वविद्यालय के प्रावीण्य सूची में 1877/2400 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर गणित में अंजु ध्रुव ने विश्वविद्यालय के प्रावीण्य सूची में 1611/2000 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। भूमिका दुबे ने 1498/2000 अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं मधु 1420/2000 अंकों के साथ छठवां स्थान प्राप्त किया है। एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर वनस्पति विज्ञान में मंगलु मेहर ने विश्वविद्यालय के प्रावीण्य सूची में 1878/2400 अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया है। पायल महामल ने 1853/2400 अंकों के साथ दसवां स्थान प्राप्त किया है। एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर रसायन विज्ञान में लक्ष्मी ने विश्वविद्यालय के प्रावीण्य सूची में 1767/2400 एवं चंद्रिका कैवर्त ने 1767/2400 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दसवां स्थान प्राप्त किया है। विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र प्रियंका सोनवानी, विभागाध्यक्ष गणित प्रभारी मनीराम धीवर, विभागाध्यक्ष रसायन प्रदीप कन्हेर ने बताया कि इन परिणामों में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक कौशल और शोध प्रवृत्ति का विशेष योगदान रहा। संकायध्यक्ष विज्ञान संकाय एवं विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र डॉ. ईपी चेलक ने कहा कि, हमारे विद्यार्थी न केवल परीक्षा में सफल हुए हैं, बल्कि भविष्य में वैज्ञानिक शोध, शिक्षण और उद्योग क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने वाले हैं। महाविद्यालय में उपलब्ध आधुनिक प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और शिक्षकों का मार्गदर्शन ही इन सफलताओं का आधार है। इस अवसर पर संकाय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सरस्वती सेठ, प्रियंका चक्रधारी, डा. जगदीश सत्यम, अतिथि व्याख्याताओं डा. जागृति चंद्राकर, नम्रता तंबोली, डा. प्रिया बारिक, रूपावती, रोहिणी देवांगन, सीपी चतुर्वेदी, प्रकाशमणि साहू, किरण साहू एवं महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर हर्ष जताया है। साथ ही महाविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में और बेहतर परिणामों के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया है।

